भारत सरकार
पोत परिवहन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4252 जिसका उत्तर
गुरूवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है

राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन

4252. श्री दिपसिंह शंकरसिंह राठौड़:
श्री भरत सिंहजी शंकरजी डाभी:
श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:
श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के और चालू वर्ष के दौरान देश में राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान कार्गो परिवहन में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार, देश में राष्ट्रीय जलमार्गों (एनडब्ल्यू) पर कार्गो परिवहन में पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वृद्धि की प्रवृत्ति लगातार बनी हुई है। राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत नए राष्ट्रीय जलमार्गों की घोषणा किए जाने के बाद वर्ष 2016-17 से लेकर राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन में वृद्धि हो रही है।

वर्ष	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
राष्ट्रीय जलमार्गों पर परिवहन किया गया कार्गो (मिलियन टन में)	6.59	8.14	55.47	55.03	72.31	14.59 (मई, 2019 तक)

*****